हिंदी विभाग

कार्यक्रम के परिणाम

- प्रस्तावित हिन्दी पाठ्यक्रम से छात्रों को हिन्दी साहित्य की ज्ञान परम्परा, साहित्य की विभिन्न विधाओं का ज्ञान प्राप्त हो जाएगा ।
- पाठन, लेखन व वाचन कौशल का विकास हो पाएगा ।
- हिन्दी साहित्य के इतिहास की समृद्ध जानकारी विद्यार्थियों को प्राप्त हो पाएगी।
- इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को महान कवियों, लेखकों के जीवन चरित, उनके कृतित्व को सूक्ष्मता को समझने का अवसर मिलेगा।
- साहित्य रचना में रुचि रखने वाले छात्रों को साहित्यिक सिद्धांतों को समझने, उनके प्रयोग और समीक्षात्मक अध्ययन के लिए आधारभूत ज्ञान मिल पाएगा ।
- नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय प्राचीन भाषाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए हिन्दी का यह उपक्रम एक सोपान का काम करेगा ।
- भाषा विज्ञान व व्याकरण का अध्ययन हिन्दी भाषा की वैज्ञानिकता व काव्य सौष्ठव को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

## कार्यक्रम के विशिष्ट परिणाम

- साहित्यिक गतिविधियों जैसे निबंध लेखन, सुलेख, भाषण प्रतियोगिता काव्य पाठन, दोहावाचन, नारा लेखन के "माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास होगा तथा साथ ही साथ उनमे आत्मविश्वास का भाव जागेगा ।
- हिंदी साहित्य की विधाओं नाटक, उपन्यास, कहानी के माध्यम से छात्रों को जीवन की वास्तविकता, नैतिकता और यथार्थ स्थिति में अवगत करवाना ।

Principal
Govt. Post Graduate College
Nagrota Bagwan (Kangra)

# हिंदी विभाग

## बी. ए. प्रथम वर्ष हिंदी

| क्रम संख्या | पेपर कोड | पेपर | अनिवार्य हिंदी | पाठ्यक्रम के परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HIND-101 | प्रयोजन मूलक हिंदी | अनिवार्य हिंदी Compulsory Hindi | इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी पत्र लेखन, मुहावरे, लोकोक्तियाँ, देवनागरी लिपि का अर्थ, नामकरण, विशेषताओं आदि की जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ कंप्यूटर में हिंदी प्रयोग, कार्यालय हिंदी और अनुवाद के महत्व, इसमें आने वाली समस्याओं से पूर्णतः अवगत होंगे। इसके द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में बढौतरी होगी। |
| 2. | HIND-102 | हिंदी साहित्य का इतिहास | DSC-1A | इस पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के इतिहास की संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए हिंदी साहित्य के चारों कालों आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल, आधुनिक काल के महत्वपूर्ण कवियों और लेखकों तथा उनकी रचनाओं से अवगत करवा कर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया जाएगा |
| 3. | HIND-103 | मध्यकालीन हिंदी कविता | DSC-1B | इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मध्य काल के महत्वपूर्ण कवियों कबीर, सूरदास, तुलसीदास, मीराबाई, रसखान, बिहारी,भूषण धनानंद, के जीवन परिचय, साहित्य परिचय, काव्यगत विशेषताओं की जानकारी प्राप्त होगी तथा कवियों की काव्य रचनाओं के द्वारा विद्यार्थियों को काव्य में प्रयुक्त होने वाले अलंकारों छंद, विंबो, तत्सम शब्दावली आदि की संपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी |
| | | **बी. ए. द्वितीय वर्ष हिंदी** | | |
| 4. | HIND-201 BA/B.Com | रचना पुंज | अनिवार्य हिंदी Compulsory Hindi | इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रमुख कवियों और लेखकों की जानकारी प्रदान करते हुए गद्य और पद्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों की रुचि इस क्षेत्र की ओर बढ़ाई जाएगी |
| 5. | HIND-202 | आधुनिक हिंदी कविता | DSC-1C | यह पाठ्यक्रम आधुनिक काल के प्रमुख कवियों भारतेंदु, अयोध्या सिंह, मैथिलीशरण गुप्त, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | जयशंकर प्रसाद, नागार्जुन आदि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विद्यार्थियों को अवगत करवाएगा आधुनिक काल के कवियों की कविताओं के प्रति विद्यार्थियों के रुझान का भरसक प्रयास इस पाठ्यक्रम के माध्यम से किया गया है |
| 6. | HIND-203 | हिंदी गद्य साहित्य | DSC-1D | इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य की प्रमुख विधा कहानी के तत्वों कथानक, चरित्र चित्रण, संवाद, देश काल, वातवरण  भाषा शैली एवं उद्देश्य की जानकारी प्राप्त होगी तथा कहानी लेखन की कला का विकास होगा |
| 7. | HIND-204 | कार्यालयी  हिंदी | SEC-1 | इस पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रभाषा, राजभाषा, जन भाषा, संचार भाषा, सर्जनात्मक भाषा, शिक्षण माध्यम भाषा आदि के रूप में हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी प्राप्त होगी कार्यालय हिंदी और अनुवाद विशेषताओं अनुवाद प्रक्रिया एवं अनुवाद से संबंधित समस्याओं की जानकारी से छात्रों का ज्ञान वर्धन होगा |
| 8. | HIND-206 | अनुवाद विज्ञान | SEC-2 | यह पाठ्यक्रम विश्व  सभ्यता के विकास में अनुवाद की सराहनीय भूमिका से छात्रों को अवगत करवाएगा उसके द्वारा अनुवादक की अर्हता और सफल अनुवाद के सभी  लक्षणों से ही विद्यार्थी परिचित हो पाएंगे |
| बी. ए. तृतीय वर्ष हिंदी | | | | |
| 9. | HIND-301 | रंग आलेख एवं रंगमंच | SEC-3 | इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को नाटक के प्रमुख प्रकारों एवं तत्वों की जानकारी प्राप्त होगी हिंदी नाट्य शास्त्र और नाटक  लेखन के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा जिससे विद्यार्थियों के सृजनात्मक कौशल का विकास होगा |
| 10. | HIND304 | समाचार संकलन और लेखन | SEC-4 | यह पाठ्यक्रम छात्रों को समाचारों के संकलन एवं उनके लेखन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी इसके माध्यम से छात्रों को संवाददाताओं की भूमिका, योग्यताओं, श्रेणियों एवं कार्यों की जानकारी का परिचय प्राप्त होगा छात्रों को पत्रकारिता को अपना करियर बनाने की प्रेरणा और प्रोत्साहन भी इस पाठ्यक्रम के माध्यम से प्राप्त होगा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | HIND-305 | लोक साहित्य | DSE-A | इस पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों को लोक साहित्य के प्रमुख रूपों लोक गीत, लोक कथा, लोक गाथा, लोक नृत्य की रूचि कर जानकारी से अवगत करवाया जाएगा छात्रों को लोक साहित्य और लोक संस्कृति की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर इनका झुकाव एवं लगाव लोक साहित्य की ओर करने का भरसक प्रयास किया जाएगा |
| 12. | HIND-306 | छायावादोत्तर हिंदी कविता | DSE-1B | इस पाठ्यक्रम में छात्रों को छायावादोतर के प्रमुख हिंदी कवियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का सामान्य परिचय प्रदान किया जाएगा जिसके द्वारा छात्रों की काव्य अभिरुचि का विकास होगा |

Principal
Govt Post Graduate College
Nagrota Bagwan (Kangra)